Press Release -

मार्च में होगा मेधा के करियर सेंटर का उद्घाटन

सोमवार को मेधा के को फाउंडर क्रिस्टोफर टूरिल्लो ने पटना विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रास बिहारी सिंह से मुलाकात की. क्रिस्टोफर टूरिल्लो ने मेधा प्रोग्राम के सफलतापूर्वक चलाने में सहयोग के लिए कुलपति और ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट को धन्यवाद दिया.

कुलपति प्रोफेसर रास बिहारी सिंह ने कहा कि मेधा को करियर सेंटर के लिए स्टूडेंट्स एक्टिविटी सेंटर में स्थान आवंटित कर दिया गया है. मेधा मार्च के आखिरी सप्ताह में सेंटर का उद्घाटन करवा सकती है.

मेधा के स्टेट हेड रवि रंजन मिश्रा ने कहा कि

सेंटर के उद्घाटन के बाद पीजी स्टूडेंट्स की ट्रेनिंग सेंटर में ही होगी. अभी विभिन्न विभागों के क्लासरूम में होता है.

काउंसलिंग, ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के कंवेनर ए एल चक्रवर्ती ने कहा कि मेधा और प्लेसमेंट सेल मिलकर कई सारी कंपनियों से प्लेसमेंट के लिए संपर्क कर रहा है. मंगलवार को पीरामल फाउंडेशन, गांधी फेलो के चयन के लिए कैंपस में आ रही है.

गौरतलब है कि अप्रैल 2019 में पटना विश्वविद्यालय और मेधा लर्निंग फाउंडेशन के बीच एमओयू हुआ था. जिसके तहत पटना विश्वविद्यालय के विद्यार्थी 21वीं शताब्दी के इम्प्लाएबिलिटी स्कील की ट्रेनिंग मेधा से ले रहे हैं.

अब तक पांच सौ से ज्यादा विद्यार्थियों ने मेधा की क्लासेज के लिए पंजीकरण कराया है. जिसमें चार सौ विद्यार्थी ट्रेनिंग ले चुके हैं जिसमें 70 को विभिन्न कंपनी और संगठनों में इंटर्नशिप करवाया जा चुका है. स्नातक के विद्यार्थी वार्षिक परीक्षा के बाद इंटर्नशिप और प्लेसमेंट में हिस्सा लेंगे.